अपील सं. 22/2017 LR Act
अनुवान चरणजीतसिंह वगै. V/S हरभजनसिंह वगै.
न्यायालय सम्भागीय आयुक्त, बीकानेर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14 .5 .2018	आज यह पत्रावली अपीलार्थीगण की ओर से अभिभाषक श्री सुरेश मोहता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत विड्रावल पर पेशी में ली गयी । अभिभाषक अपीलान्ट ने अपीलार्थीगण के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रकरण में अपीलार्थीगण का प्रत्यर्थीगण से लोक अदालत की प्रेरणा से राजीनामा हो गया है । अपीलार्थीगण इस अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं एवम् अपनी अपील विड्रा करना चाहते हैं । अतः यह अपील अपीलार्थीगण जरिये विड्रा खारिज फरमाई जावे । हमने अपीलार्थीगण की ओर से जरिये अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह द्वितीय अपील न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीगंगानगर द्वारा प्रथम अपील सं0 13/2016 अनवान हरभजनसिंह बनाम चरणजीतसिंह वगैरह में पारित किये गये निर्णय दिनांक 8-3-2017 के विरुध्द प्रस्तुत होकर इस न्यायालय में विचाराधीन है । अपीलार्थीगण की ओर से जरिये अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में व्यक्त किये गये कथन अनुसार उभय पक्षकारान के मध्य लोक अदालत की प्रेरणा से राजीनामा होने से अपीलार्थीगण अब इस अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं तथा अपील को विड्रा करना चाहते हैं। अभिभाषक अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर रेस्पोन्डेंट सं0 1 व 2 की ओर से विद्वान अभिभाषक श्री महावीर शर्मा द्वारा अनापत्ति (No objection) किया गया है । अतः यह अपील अपीलान्ट जरिये विड्रावल (Withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है । आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित हो तथा पत्रावली निर्णीत शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । आदेश सुनाया गया है । [signature] सम्भागीय आयुक्त बीकानेर	अपील विड्रा करना चाहता हूं। [signature] 14/5/18 (वकील अपीलार्थीगण) No objection महावीर [signature] एडवोकेट (for Resp. 1 & 2) 14/5/2018 Note:- SDO श्रीगंगानगर का रिकॉर्ड अप्राप्त है। [signature]